



नवभारत 7
भोपाल, मंगलवार, 11 नवंबर, 2025

# लोन धोखाधड़ी में फंसे पीड़ित का घर सील

## हिंदू जागरण मंच ने एसपी से की एफआईआर की मांग

**छतरपुर, 10 नवंबर. छतरपुर नगर में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी सुंदर कुशवाहा धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में फंस गए हैं. उनके नाम पर धोखे से लोन निकालकर बैंक द्वारा उनका घर सील किए जाने के बाद, आज दोपहर हिंदू जागरण मंच ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक आवेदन प्रस्तुत किया और त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की.**

### एसपी ऑफिस में प्रदर्शन और आवेदन

दोपहर 1 बजे, हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एसपी कार्यालय पहुँचकर मामले की गंभीरता को रेखांकित किया. उन्होंने पीड़ित सुंदर कुशवाहा के साथ हो रहे अन्याय को उजागर किया और मांग की कि सद्दाम हुसैन और रुखसार खातून के खिलाफ धोखाधड़ी (420), जालसाजी, और आपराधिक षडयंत्र की संबंधित धाराओं के तहत तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित सुंदर कुशवाहा के नाम पर कथित तौर पर सद्दाम हुसैन नामक व्यक्ति ने फर्जी कागजात या धोखे का उपयोग करके बैंक से 24 लाख 99 हजार का एक बड़ा लोन निकलवाया. कुशवाहा को इस धोखाधड़ी की जानकारी तब हुई जब बैंक ने लोन चुकाया नहीं जाने पर उनके आवासीय परिसर पर ताला लगाकर उसे सील कर दिया. हिंदू जागरण मंच के एक प्रतिनिधि ने कहा, यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य है जहां एक गरीब व्यक्ति के जीवन भर की कमाई और रहने का ठिकाना छीन लिया गया है. सद्दाम हुसैन और रुखसार खातून ने मिलकर यह सुनियोजित धोखाधड़ी की है.



# खेत पर सो रहे किसान पर सियार का हमला

- 38 वर्षीय किसान गंभीर रूप से हुआ घायल
- जान बचाने के लिए सियार का मुंह पकड़ कर दूर फेंका

**छतरपुर, 10 नवंबर. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बूढ़ा बांध के पास सोमवार सुबह खेत पर सो रहे एक किसान पर सियार ने अचानक हमला कर दिया, जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया.**

38 वर्षीय किसान बंधु कुशवाहा ने अपनी जान बचाने के लिए सियार का मुंह पकड़कर उसे दूर फेंका, लेकिन इस दौरान उसके हाथों में गहरे घाव आ गए. किसान को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गठेवरा गांव निवासी बंधु कुशवाहा अपने छोटे भाई गज्जू के साथ खेत की रखवाली कर रहे थे. सुबह करीब 6 बजे जब गज्जू खेत में पानी लगा रहा था और बंधु खटिया पर सो रहे थे, तभी एक सियार ने उनके कपड़े खींचना शुरू कर दिया. जब बंधु ने देखा तो सियार ने सीधे सिर पर काटने के लिए हमला कर दिया.



किसान ने बहादुरी दिखाते हुए तुरंत अपने दोनों हाथों से सियार का मुंह पकड़ लिया और उसे लगभग पांच फीट दूर फेंक दिया. हालांकि, सियार ने हिम्मत नहीं हारी और दोबारा हमला किया. सिर को बचाने के प्रयास में सियार ने बंधु के दोनों हाथों में काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए. किसान ने शोर मचाकर भाई गज्जू को बुलाया और परिजनों को सूचना दी. तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ. आशीष शुक्ला ने उन्हें इलाज के लिए वार्ड में भर्ती किया है. इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में जंगली जानवरों के हमलों को लेकर दहशत का माहौल है.

## एक नजर में



### मेला ग्राउंड में विवादित प्रदर्शनी के खिलाफ व्यापारियों का विरोध, दुकानें बंद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर, 10 नवंबर.** छत्रसाल चौराहे स्थित मेला ग्राउंड में बाहरी आयोजकों को प्रदर्शनी लगाने की अनुमति दिए जाने के विरोध में आज (सोमवार) स्थानीय व्यापारियों ने बाजार बंद रखा. व्यापारियों ने एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा और प्रदर्शनी के आदेश को निरस्त करने की मांग की. विरोध प्रदर्शन में ग्राहक पंचायत के सदस्य भी शामिल थे. यह विवादित अनुमति महोबा के आयोजकों को 10 नवंबर से 10 जनवरी तक मेला लगाने के लिए दी गई थी. स्थानीय विरोध के बाद, नगर पालिका ने आदेश निरस्त कर दिया था, लेकिन आयोजक कोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर लाए. अगली सुनवाई अगले सोमवार को होनी है, फिर भी ग्राउंड में काम शुरू कर दिया गया. व्यापारी धर्म गुप्ता ने आरोप लगाया कि यह शुद्ध रूप से व्यापार है, जिसमें घटिया गुणवत्ता का सामान बेचा जा रहा है, जो ग्राहकों को ठगने और स्थानीय व्यापार को नुकसान पहुँचाने जैसा है. व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक कोर्ट का अंतिम फैसला नहीं आता, तब तक इस आयोजन पर रोक लगाई जानी चाहिए.

### शताब्दी वर्ष पर आज नौगांव में संघ का पथ संचलन

**हरपालपुर, 10 नवंबर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक का आज 11 नवम्बर को नौगाव में संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है इस अवसर पर नौगांव शहर के प्रमुख मार्गों से होकर विशाल पथ संचलन निकाला जा रहा है जिसमें हरपालपुर नगर के संध के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### वंदे भारत ट्रेन चलाए जाने की मांग

**हरपालपुर, 10 नवंबर.** नई दिल्ली से बनारस के बीच वंदेभारत सुपर फास्ट ट्रेन वीरागना लक्ष्मीबाई झांसी वाया ओरछा निवाड़ी मऊरानीपुर हरपालपुर महोबा बांदा कर्वी मानिकपुर होते हुए बनारस तक अप-डाउन ट्रेन चलाए जाने की मांग स्थानीय नागरिकों बुद्धजीवी वर्ग छात्रों व्यापारियों ने केन्द्रीय रेल मंत्रीअश्विनी वैष्णव व झांसी डीआरएम से उठाते हुए तुलसी एक्सप्रेस को डेली व ताज एक्सप्रेस को झांसी से ओरछा होते हुए खजुराहो तक बढ़ाई जाए.

### पार्थ अग्रवाल अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा में खेलेंगे

**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर क्रिकेटर पार्थ अग्रवाल का भोपाल डिवीजन अंडर-14 टीम के लिए चयन किया गया. छतरपुर में राज्य स्तरीय स्पर्धा में शहर का नाम रोशन करेंगे. आठ साल की आयु में बल्लेबाजी के साथ शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करने वाले पार्थ राकेश अग्रवाल आईईएस विद्यालय में आठवी कक्षा में अध्ययनरत है पार्थ के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, वरुण शर्मा, कोच अतुल कुशवाहा, चेतन मेवाड़ा, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे और मदन कुशवाहा ने बधाई दी.

### जूडो खिलाड़ी कपिल ने विदेश में जीते दो मैडल

**सीहोर.** इंटरनेशनल जूडो खिलाड़ी कपिल परमार ने शहर का नाम रोशन किया है.2024 पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले कपिल परमार ने पैरा एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कजाकिस्तान में जूडो के शानदार खिलाड़ी ने सिल्वर के साथ ब्राउंस मेडल हासिल किया है.कपिल परमार ने बताया कि तीन दिवसीय पैरा एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कजाकिस्तान में वह फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे. उन्होंने जापान में 2026 में एशियन गेम्स के लिए अपना स्थान हासिल किया.

### जनपद पंचायत में आज लगेगा रोजगार मेला

**आष्टा.** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को प्रात:11 बजे से जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जाएगी.

# शिक्षक की पिटाई से सातवीं के छात्र का हाथ फ्रेक्चर

- विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को दिया आवेदन

**छतरपुर, 10 नवंबर. छतरपुर नगर में सटई रोड पर स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षक की बेरहमी का एक गंभीर मामला सामने आया है. यहाँ सातवीं कक्षा के छात्र कृष्णा शिवहरे को शिक्षक ने कथित तौर पर इतना पीटा कि उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया.**

इस घटना के सामने आने के बाद आज 10 नवंबर को सुबह 11:00 बजे, विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोला. परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने तत्काल स्कूल पहुंचकर प्राचार्य को एक लिखित आवेदन सौंपा.



**आवेदन में परिषद ने दो मुख्य मांगें रखी हैं:** दोषी शिक्षक पर तत्काल और कठोर विभागीय/कानूनी कार्रवाई की जाए. घायल छात्र कृष्णा शिवहरे के इलाज में आने वाले संपूर्ण मेडिकल खर्च को स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन किया जाए. परिषद के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि स्कूल प्रबंधन ने जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की, तो वे छात्र के हित में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. फिलहाल, स्कूल प्रशासन ने आवेदन स्वीकार कर लिया है और मामले की जांच का आश्वासन दिया है.

# छात्रावासों में महिला पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

- बाल विवाह, पॉक्सो व कानूनी अधिकारों पर जानकारी दी
- छात्राओं को शिक्षा और भविष्य के लिए प्रेरित किया

**छतरपुर, 10 नवंबर. पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में छतरपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत महिला थाना एवं महिला सुरक्षा शाखा ने मुख्यालय अंतर्गत शासकीय छात्रावासों में जाकर छात्राओं से संवाद किया और उन्हें विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों पर जागरूक किया.**

इस अभियान के माध्यम से जिले में विगत एक सप्ताह में 7000 से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चुका है. महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव और महिला सुरक्षा शाखा से उपनिरीक्षक तबस्सुम खान ने शासकीय जूनियर एवं शासकीय सीनियर छात्रावासों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य फोकस बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने हेतु जनजागरूकता फैलाना था. महिला पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), और महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी.

पुलिस टीम ने बाल विवाह, बाल अपराध और बाल उत्पीड़न के दुष्प्रभावों को उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की समझाइश दी. छात्राओं से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर, उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर होने और अपने भविष्य के प्रति जागरूक और प्रेरित रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

# शिकायतें लापरवाही का संकेत, जनसेवा पहली प्राथमिकता

**सीहोर 10 नवंबर.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक के दौरान कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत का अर्थ है कि संबंधित अधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह नहीं निभाई या अपने दायित्व में लापरवाही बरती है. उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अमला जनता की सेवा के लिए है, इसलिए जनता के काम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए. सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाए. उन्होंने कहा कि किसानों का उपज के विक्रय के बाद जल्द भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें.

# माहेश्वरी समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव



- अन्नकूट में भगवान गिरिराज की झांकी सजाई गई
- पं. हर्षित शास्त्री ने सुमधुर भजन किए प्रस्तुत

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 10 नवंबर.** शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी भवन में गत दिवस माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया.

इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया. माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी व महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई जाती है. इस मौके पर भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय था. यह भगवान श्रीकृष्ण की इंद्र पर विजय का प्रतीक है और इस पर्व को मनाने से घर में अन्न की कमी नहीं होती. इस अवसर पर पं. हर्षित शास्त्री महाराज ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, आशीष गहलोत उपस्थित थे. इस दौरान माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट एवं अन्य पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया.

# लगातार दूसरे दिन पारा 7 .5 पर रहा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 10 नवंबर.** मावठे की मेहरबानी के असर से इन दिनों तेज ठंड का दौर बना हुआ है. लगातार दो दिन से रात का तापमान 7.5 डिग्री पर स्थिर बना हुआ है. हालांकि अब तेज ठंड से राहत मिलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है.

सोमवार को हवा का रुख पूर्वी रहा, जिसके कारण अब तापमान की गिरावट पर अंकुश लगेगा. सोमवार को अधिकतम तापमान 28.5 और न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान गेहूं-चना की फसल के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, क्योंकि 8 से 12 डिग्री में गेहूं और चने की ग्रोथ अच्छी होती है.

इस बार अक्टूबर महीने के आखिरी में मावठा गिरने से नवंबर के पहले सप्ताह से ही तेज ठंड की शुरुआत हो चुकी है. यह ठंड गेहूं और चना की फसलों के लिए बेहतर मानी जा रही है, क्योंकि चना और गेहूं की फसल की ग्रोथ के लिए जितना तापमान चाहिए, यह अनुकूल है. हालांकि तेज ठंड से मामूली राहत मिल सकती है. हवा का रुख उत्तर से बदलकर अब पूर्वी हो गया है. जिसके असर से रात के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी. अब भी रात का तापमान 10 डिग्री के आसपास बना रहेगा. पिछले तीन दिन से रात का तापमान सामान्य से कम रिकार्ड किया गया है. शनिवार को न्यूनतम तापमान सीधे 7 डिग्री लुढ़ककर 8.5 डिग्री रिकार्ड किया गया था. दरविवार को न्यूनतम तापमान 1 डिग्री की गिरावट के साथ 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सोमवार को भी न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री पर स्थिर रहा.

# डोडा चूरा बेचने वाले को 5 वर्ष का कारावास

**इछावर.** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एमके वर्मा द्वारा डोडा चूरा बेचने वाले आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड दिया गया है. शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक सुश्री रेखा चौरसिया द्वारा की गई. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मनोहर मेवाड़ा के घर के सामने डोडा चूरा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया था. आरोपी की तलाशी लेने पर साढ़े 10 किलोग्राम तथा डोडा चूरा बरामद किया गया था. बहस के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी मनोहर पिता अनारसिंह मेवाड़ा को दोषी पाते हुए एनडीपीएस अधिनियम में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है.

# अब मंदिर में मछली फेंकने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 10 नवंबर.** नवरात्रि में खोकर माता मंदिर में मछली फैंकने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा घटना को एक महीने से ज्यादा हो जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने तथा इस निंदनीय घटना के लिप्त आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने के विरोध में विभिन्न हिंदू समाज के संगठनों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार रामलाल पगारे को ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में बताया गया कि गत नवरात्रि में हिंदू समाज के पवित्र नवरात्रि पर्व के दौरान कमल खेड़ापति तालाब स्थित खोकर माता मंदिर में किसी असामाजिक तत्व ने मरी हुई मछलियां फैंकी थी. परंतु आज तक घिनौनी हरकत करने वाली घटना में लिप्त व्यक्ति का पुलिस ने खुलासा नहीं किया और न ही कोई गिरफ्तारी की है.

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यह मामला बहुत संवेदनशील हैं यदि इस मामले में संलिप्त व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो इस प्रकार की घिनौनी घटनाएं अराजक तत्व आगामी हिंदू धर्म के त्यौहारों पर करते रहेंगे. इस मौके पर सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, कालू सोनी, रूपेश राठौर, विशाल चौरसिया, बाबू लाल मालवीय, सुभाष नामदेव, कमलेश जैन, नरेंद्र कुशवाहा, बीएस वर्मा, राजू जायसवाल, पवन सुराणा, मुकेश नामदेव, मनीष डोंगरे आदि मौजूद थे.

# कलेक्टर ने सेवानिवृत्तों का किया सम्मान

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के 42 सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान किया और पीपीओ प्रदान किया. उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके दीर्घ, सफल और अनुकरणीय सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे समाज हित के कार्यों में सक्रिय बने रहने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा से रिटायर होना जीवन से रिटायर होना नहीं है. सेवानिवृत्ति सक्रिय जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसमें व्यक्ति अपने अनुभवों और ज्ञान का उपयोग समाज व नई पीढ़ी के हित में कर सकते हैं.इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी सुश्री नेहा सिंघई आदि उपस्थित थे.

**स्वास्थ्य शिविर** ▶ गगन जनसेवा समिति ने किया मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

# सेवा संकल्प के साथ चिकित्सकों ने किया मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 10 नवंबर.** गगन जन सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें लगभग 1400 मरीज का उपचार किया गया और सौ मरीजों को आंखों के चश्मे वितरित किए गए. वहीं 35 मरीज को कान की सुनने वाली मशीन वितरित की गई एवं 70 मरीजों की सोनोग्राफी नि:शुल्क कराई गई और 70 मरीजों के एक्सरे नि:शुल्क किए गए. साथ ही दवाई वितरण का कार्य गगन जन सेवा समिति एवं रेड क्रॉस के माध्यम से दी गई.



शिविर के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय थे. अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने की. विशेष अतिथि समाज सेविका श्रीमती अरुणा राय, राजकुमार गुप्ता, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, सीताराम यादव, उपस्थित थे. इस मौके पर सभी डॉक्टरों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया. गगन जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि शिविर में 1400 मरीजों का उपचार किया गया. शिविर में मौजूद हर बीमारी के लगभग 40 विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे. जिन्होंने अपनी सेवाएं में प्रदान की और जनहित में आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन समिति के द्वारा करते रहेंगे ऐसा विश्वास दिलाया. शिविर में डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एए कुरैशी, डॉ.गिरीश जोशी, डॉ.भरत आर्य, डॉ.अमित मोदी, डॉ. विवेक सक्सेना, डॉ.गौरव ताम्रकार, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ.आशुतोष दीक्षित, डॉ. प्रिया जोगिया, डॉ. राशि मोदी, डॉ. श्रेष्ठा सक्सेना, डॉ. मेघा गोयल मित्तल, डॉ.भारती गुप्ता, डॉ. पूजा ठाकुर, डॉ. रेशमा राय, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. महेश शर्मा, होम्योपैथिक डॉ.मनोज सक्सेना, डॉ. जय नारायण वर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. मुरली महेश्वरी, डॉ. एलएन नामदेव, डॉ. अवनी पांडे, डॉ.आरके गुप्ता, डॉ. सचिन सिमरिया, डॉ. आशुतोष दरबारी, डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. राकेश खरे, डॉ. विवेक सक्सेना, डॉ.भविष्य राठौर, डॉ. समीर गुप्ता, डॉ. हरिओम गुप्ता, डॉ. मंगनी सहित आईएमए के प्रेसिडेंट साथ ही भोपाल के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित थे. गोविंद नेत्रालय की पूरी टीम को लाकर आंखों का सभी चेकअप करवाया और सभी को चश्मे के नंबर दिए. साथ ही डॉ. प्रियंका सोनी डॉ. दीक्षा मिश्रा, डॉ. शुभम नामदेव एवं गगन जन सेवा समिति के पूरी टीम उपस्थिति रही. अंत में डॉ. गगन नामदेव ने आभार माना.

# तेज गेंदबाज दिव्यम का स्पर्धा के लिए चयन

**सीहोर, 10 नवंबर.** शहर के क्रिकेट खिलाड़ी दिव्यम यादव का चयन राज्य स्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता के लिए किया गया है. अकादमी हेड कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि दिव्यम लेफ्ट हैंड के तेज गेंदबाज हैं. उनका चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के दम पर हुआ है. इस उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरेंद्र वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला खेल अधिकारी अताउल्ला खान, आशीष शर्मा, मोनू परमार, अकादमी के कोच अजय चंदेल, मदन कुशवाह, कमलेश पारोचे, रूपेश पारोचे, सचिन कीर सहित अन्य खेलप्रेमियों ने बधाई दी है.

आवश्यकता है
छतरपुर जिले के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की




योग्य, अनुभवी और स्थानीय शासन प्रशासन के जानकार उम्मीदवार अपना आवेदन (परिचय सारांश) प्रेषित करें.

महाप्रबंधक
विज्ञापन
नवभारत-भोपाल

ईमेल : gmnbbhopal@gmail.com